कोटद्वार,गुरूवार
1 फरवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 269 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# लोक सभा की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित



लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने परंपरा के मुताबिक, बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों–लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के दस वर्षों के कामकाज का लेखा–जोखा रखा। राष्ट्रपति मुर्मू ने अयोध्या में बने राम मंदिर सहित आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, अर्थव्यवस्था, विकास, उद्योग–व्यापार, रिफॉर्म, सामरिक, आंतरिक सुरक्षा और वैश्विक मोर्चों पर बढ़ रहे भारत के प्रभाव सहित तमाम मोची पर सरकार की उपलब्धियों का लेखा–जोखा अपने अभिभाषण के माध्यम से देश की जनता के सामने रखा।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोक सभा में शुक्रवार से चर्चा शुरू हो सकती है।आपको बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम अंतरिम बजट सदन में पेश करेंगी।

नई दिल्ली , संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को लोक सभा के पटल पर रखने के बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार 1 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही स्थगित होने से पहले दो पूर्व सांसदों भद्रेश्वर तांती और सोनावणे प्रताप नारायणराव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पूरे सदन ने खड़े होकर मौन रहकर अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। इसके बाद सदन की विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने लोक सभा के पटल पर समिति की 7वीं रिपोर्ट को पेश किया।

## वैश्विक संकटों के बावजूद सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा : राष्ट्रपति मुर्मू



नई दिल्ली ,राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों – लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए दावा किया कि बीते वर्षों में विश्व ने दो बड़े युद्ध देखे और कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया लेकिन ऐसे वैश्विक संकटों के बावजूद केंद्र सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा और सामान्य भारतीय पर बोझ नहीं बढ़ने दिया।उन्होंने कहा कि दुनिया में गंभीर संकटों के बीच भारत तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना, लगातार 2 क्वार्टर में भारत की विकास दर 7.5 प्रतिशत से ऊपर रही।मोदी सरकार द्वारा किए गए कामों और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने राष्ट्र–हित में ऐसे अनेक कार्यों को पूरा होते हुए देखा है जिनका इंतजार देश के लोगों को दशकों से था। राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी,जो आज सच हो चुका है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद–370 को हटाने को लेकर शंकाएं थी ,जो आज इतिहास हो चुकी है और इसी संसद ने तीन तलाक के विरुद्ध कड़ा कानून बनाया है।नए संसद भवन में अपने पहले संबोधन का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आजादी के अमृत काल की शुरुआत में यह भव्य भवन बना है। यहां एक भारत श्रेष्ठ भारत की महक भी है। भारत की सभ्यता और संस्कृति की चेतना भी है। उन्होंने 25 करोड़ देशवासियों के गरीबी रेखा से बाहर निकलने की बात कहते हुए कहा कि हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे थे। अब हम जीवन में पहली बार बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के अपने कमिटमेंट को केंद्र सरकार द्वारा लगातार जारी रखने की बात कहते हुए राष्ट्रपति ने आगे कहा कि आज अर्थव्यवस्था के विभिन्न आयामों को देखें तो यह विश्वास बढ़ता है कि भारत सही दिशा में है तथा सही निर्णय लेते हुए आगे बढ़ रहा है।

## एक नजर

### मोटर मार्गों के निर्माण में वन भूमि अधिग्रहण की बाधित प्रक्रिया का समाधान करें



जयन्त प्रतिनिधि।देहरादून : प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के सुगम यातायात हेतु वांछित मोटर मार्गों के निर्माण में वन भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के बाधित रहने से हो रही समस्याओं को लेकर उसके निदान के लिए सुझाव दिये हैं, ताकि प्रदेश में सड़कों के निर्माण में आने वाली बधाओं को दूर किया जा सके। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर कहा है कि उत्तराखंड राज्य में लगभग 80 प्रतिशत भाग पहाड़ी क्षेत्र एवं 20 प्रतिशत भाग मैदानी क्षेत्र है। इसमें से 70 प्रतिशत भू-भाग वन आच्छादित है जिस कारण पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के सुगम यातायात हेतु वंछित मोटर मार्गों के निर्माण में अधिकांशतः वन भूमि की आवश्यकता पड़ती है। लोनिवि मंत्री श्री महाराज ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि अधिकांश मार्गों में एक हेक्टेयर से ज्यादा वन भूमि की आवश्यकता के कारण क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु दोगुनी भूमि की आवश्यकता का प्रावधान है। वन भूमि के अलावा उपलब्ध राजस्व भूमि इस कार्य हेतु उपलब्ध कराई जाती है, किंतु वन विभाग द्वारा इसे क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त नहीं पाया जाता है, जिसका मुख्य कारण उपलब्ध भूमि का पहाड़ की भौगोलिक परिस्थिति में तीक्ष्ण ढाल, पथरीली भूमि एवं सघन वन क्षेत्र होना होता है।

## कार खाई में गिरी, दो लोगों की दर्दनाक मौत

रुद्रप्रयाग : तिलवाड़ा-मयाली मोटर मार्ग पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त होने से कार में सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सम्पूर्ण रुद्रप्रयाग और जखोली क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। पुलिस द्वारा दोनों शवों को जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 10:20 बजे तिलवाड़ा-मयाली मोटर मार्ग पर सियाल्स्यू के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे व्यक्ति को घायल अवस्था में 108 वाहन सेवा से जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उपचार के दौरान ही कुछ समय में उसने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र द्वारा डीडीआरएफ की टीम के साथ ही पुलिस मौके पर रवाना हुई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि डीडीआरएफ की रेस्क्यू टीम द्वारा दुर्घटनास्थल से दोनों घायलों को सड़क तक



पहुंचाया गया। सड़क में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दूसरे की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों में कैलाश जगवाण उम्र 44 निवासी जगतोली सांदर हाल निवासी पीडब्ल्यूडी रुद्रप्रयाग, किशन कठैत उम्र 52 वर्ष निवासी सकलाना खील हाल निवासी तिलवाड़ा शामिल हैं। इधर, घटना के बाद सम्पूर्ण रुद्रप्रयाग नगर के साथ ही जखोली और मयाली में शोक की लहर छा गई। हर कोई घटना से दुःखी है। (एजेंसी)

## केदारनाथ सहित ऊंची पहाड़ियों पर हुई बर्फबारी

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ सहित हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में बर्फबारी शुरू हो गई है। बुधवार को सुबह से ही केदारनाथ धाम में बर्फबारी हुई, जबकि मद्महेश्वर और तुंगनाथ, चन्द्रशिला में भी बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ धाम में देर सायं तक एक फीट से अधिक नई बर्फ जमा हो गई है। बीते लम्बे समय बाद हिमालय की पहाड़ियों में बर्फबारी हुई है।

बर्फबारी होने से हिमशिखरों को नई ऊर्जा मिली है। जबकि आने वाले दिनों में जल संकट का खतरा भी कम हुआ है। बुधवार सुबह 9:30 बजे से केदारनाथ धाम में बर्फबारी हो रही है। दोपहर में बर्फबारी हल्की रुकी सी किंतु फिर बर्फबारी जारी है। देर शाम तक केदारनाथ धाम में एक फीट से अधिक नई बर्फ जमा हो गई है। वहीं तुंगनाथ, चन्द्रशिला और मद्महेश्वर में भी बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ में बर्फबारी होने से यहां तापमान लुढ़क गया है। ठंडक बढ़ गई है, जबकि निचले इलाकों में शीतलहर भी चलने लगी है।

## मुख्यमंत्री ने किया आई.टी.डी.ए का औचक निरीक्षण

### सीएम हेल्पलाइन, इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आई.टी.डी.ए का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्प लाईन 1905 और इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाईन के कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा जनपद के पच्योना गांव के निवासी लाल सिंह की समस्या सुनी। उन्होंने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिये कि शिकायत का शीघ्र संज्ञान लेते हुए समाधान किया जाए। लाल सिंह ने सीएम हेल्पलाईन 1905 पर शिकायत की थी कि खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग



द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उनका राशन कार्ड रद्द कर दिया गया है। जिसके कारण क्षेत्रीय राशन डीलर द्वारा उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने लाल सिंह से बात करते हुए कहा कि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जायेगा। उन्होंने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिये हैं कि जिला पूर्ति अधिकारी अल्मोड़ा के स्तर पर लंबित इनकी समस्या का समाधान जल्द कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने आई.टी.डी.ए के इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। उन्होंने यातायात व्यवस्थाओं में लगे सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि यातायात की सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखी जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही भी की जाए। सीएम हेल्पलाईन 1905 के कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कंट्रोल रूम में कार्य कर रहे कार्मिकों से कहा कि लोगों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित जो भी फोन कॉल आ रहे हैं, लोगों से शालीनता से बात कर उनकी समस्याएं सुने और जिस विभाग से संबंधित शिकायत है, यथा शीघ्र संबंधित विभागों को भेंजे।

मुख्यमंत्री हर माह स्वयं सीएम हेल्पलाईन 1905 की विस्तृत समीक्षा करते हैं। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान आई.टी.डी.ए की विभिन्न गतिविधियों का जायजा भी लिया। इस अवसर पर सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम एवं उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए बंशीधर तिवारी भी मौजूद थे।

# डीएम ने ली जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक

देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट परिसर में नमामि गंगे योजना के तहत जनपद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी देहरादून की अध्यक्षता में गठित जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशों के अनुपालन में समिति के संयोजक प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून नीतिशमणी त्रिपाठी एवं समिति के नोडल अधिकारी/जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल के सयुक्त रूप से समिति की बैठक ली। बैठक में पूर्व दिए गए निर्देशों के क्रम कृत कार्यवाही के क्रम में चर्चा की गई।

बैठक में नगर निगम ऋषिकेश के अधिकारियों को गंगा घाट की सफाई तथा 72 सीढी को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु नियमित अभियान चलाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का परिपालन कराने को कहा गया। बैठक में बताया किया ऋषिकेश क्षेत्र में ढालवाला ड्रन से पशुलोक बैराज एवं पशुलोक बैराज तथा बैराज से हरिपुर कला तक गंगा नदी के दायें तट बाढ मैदान परिक्षेत्र का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

नगर निगम ऋषिकेश द्वारा अगवत कराया गया कि ऋषिकेश को 40 वार्डों में कूड़ा उठान कार्य किया जा रहा है तथा कम्पोस्ट पिट बनाने हेतु के लक्ष्य 25 के सापेक्ष 25 पर कार्य पूर्ण किया गया है तथा इलैक्ट्रिक कम्पोस्ट लक्ष्य 05 के सापेक्ष 1 पर कार्य पूर्ण कर लिया गया जिस



पर शेष कार्यों में प्रगति बढ़ाने क निर्देश दिए। जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य पर्यावरणविद विनोद जुगलान ने कहा कि अर्धनगरीय क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए भूमि चयन के साथ ही उक्त स्थान को बाढ़ सुरक्षा की दृष्टिकोण से सुरक्षित किये जाने के लिए वीरभद्र वनबीट के अंतर्गत दो हेक्टेयर प्लान्टेशन के निकट सुरक्षा तटबन्ध की कार्य योजना बनाई जानी आवश्यक है, जिस पर पेयजल निगम (अनुरक्षण एवं निर्माण इकाई गंगा) सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

समिति के सदस्य ने ग्राम सभा खदरी में गंगा तट स्थित सौंग नदी के संगम क्षेत्र में खाली पड़ी पंचायत की भूमि पर किये जा रहे अतिक्रमण को रोकने और उक्त भूमि को जनहितकारी योजनाओं के लिए संरक्षित करने का प्रस्ताव रखा। समिति के नवनामित सदस्य डॉ दीपक तायल ने नगर क्षेत्र में सीवरेज प्रणाली को विकसित किये जाने की धीमी गति पर सदन का ध्यान आकर्षित किया।नवनामित सदस्य प्रतिभा सरन ने कहा कि संजय झील के निकट मुख्य मार्ग की पुलिया पर अवैधानिक रूप से धोबी घाट से गंगा जी की निर्मलता प्रभावित हो रही है। नामित सदस्य डॉ राजीव नेगी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में गंगा घाट के विकसित किये जाने से स्थानीय लोगों को न केवल सुविधा मिलेगी बल्कि पूजा घाट के संचालन से स्थानीयों को रोजगार के अवसर भी विकसित होंगे,

## कॅरियर काउसलिंग में छात्रों को बताए सफलता के गुर

विकासनगर। राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में बुधवार को छात्र-छात्राओं को कॅरियर काउंसिलिंग के तहत सफलता हासिल करने के गुर बताए गए। छात्रों को बताया गया कि समय अपनी गति के अनुसार बढ़ रहा है, और सब कुछ उसी के साथ अपग्रेड हो रहा है। शिक्षा का स्तर भी आगे बढ़ता जा रहा है। नए शैक्षिक सत्र के लिए भी हर साल पाठ्यक्रम को संशोधित किया जाता है, इसलिए जो छात्र एक कक्षा को उत्तीर्ण कर चुके हैं वे नए पाठ्यक्रम के अनुसार फिर से कुछ नया सीखते हैं। ऐसे ही क्रम आगे बढ़ता है। मुख्य वक्ता उप जिला चिकित्सालय विकासनगर के सीएमएस डॉ. विजय सिंह ने बताया कि छात्रों को एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए, उन्हें अपने काम और लक्ष्यों को लेकर भावुक होना चाहिए। डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि छात्रों को नैतिकता सीखने की जरूरत है।

छात्र उच्च योग्यता की डिग्री तो प्राप्त कर लेते हैं लेकिन संगठन में लोगों के साथ उनके व्यवहार की वजह से उन्हें अभी भी स्थायी नौकरी नहीं मिल सकती है। लिहाजा छात्रों को सही नैतिकता सिखाई जानी चाहिए। प्रधानाचार्य अवनींद्र बड़थ्वाल ने कहा कि छात्रों को अपने अकादमिक स्किल्स के साथ कुछ एक्स्ट्रा स्किल्स को विकसित करने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

रुड़की। दहेज में कार और पांच लाख रुपये नहीं मिलने पर ससुरालियों ने शादी के चार माह बाद ही बहू से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसे जलाकर मारने की कोशिश की गई। महिला ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। लक्सर के जसपुर रणजीतपुर गांव निवासी मेघराज ने जनवरी 2023 में अपनी पुत्री की शादी पास के हरसीवाला गांव के नवीन उर्फ नीटू से की थी। महिला के मुताबिक पिता ने दहेज में काफी सामान के साथ कार भी दी थी। ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था। दूसरी महंगी कार और पांच लाख रुपये लाने का दबाव डालकर उसे परेशान किया जा रहा था। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने पुत्री से मारपीट की और उसके ऊपर डीजल डालकर जलाने की कोशिश भी की।

### जूनियर फर्राटा दौड़ में पंकज नितिन और सरफराज ने बाजी मारी

रुड़की। सनराइज पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। प्रतियोगिता में ओवरऑल ग्रीन हाउस ने बाजी मारी है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक महेश रावत ने किया। उन्होंने जीवन में खेलकूद के आवश्यक बताया। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि खेल में हार जीत से ज्यादा खेल भावना का महत्व है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मेहनत और संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में जूनियर फर्राटा दौड़ में पंकज सिंह प्रथम, नितिन कुमार द्वितीय और सरफराज तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में शिवानी चंद्रा ने प्रथम, रिया पाल ने द्वितीय और आकाशी तृतीय स्थान पाया।

### कोर्ट के आदेश पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

रुड़की। जसपुर रणजीतपुर गांव के रामकुमार की गांव के एक परिवार से रंजिश चल रही है। आरोप है कि जुलाई 2023 में दूसरे पक्ष ने रामकुमार के घर में घुसकर उससे और उसके भाई से मारपीट की थी। इसमें रामकुमार का एक दांत टूटा था। तहरीर देने पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। इस पर रामकुमार ने लक्सर एसीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट से हुए आदेश के बाद पुलिस ने जसपुर रणजलीतपुर के मांगेराम पुत्र टिड्डा, ओपिन पुत्र नीमशरण, प्रदीप पुत्र मंगल, उनके रिश्तेदार ब्रिजेश निवासी गंगदासपुर व दो अज्ञातों पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# मुख्य सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर डॉ. एस.एस. संधु ने की राज्यपाल से भेंट



देहरादून। मुख्य सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने डॉ. संधु को कुशल प्रशासक बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा की मुख्य सचिव के रूप में डॉ. संधु के कार्यकाल में प्रदेश ने कई उपलब्धियां हासिल की।

## शिक्षा को गुणवत्तापरक और सुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता

विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र के इंदिरा राष्ट्रीय बोक्सा जनजाति विद्यालय के चार लाख की लागत से बनने वाली सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य बुधवार को विधायक सहदेव पुंडीर ने शुरू कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को गुणवत्तापरक और सुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापरक और रोजगारपरक बनाने के लिए ही नई शिक्षा नीति लागू की गई है। इसके तहत शिक्षण संस्थानों को सीधा उद्योग से जोड़ने, क्षेत्रीय असमानताएं दूर करने पर जोर दिया जा रहा है। कहा कि भाजपा सरकार देश के प्रत्येक बच्चे को उसके हुनर के अनुसार शिक्षित कर रोजगार के लिए तैयार करने का प्रयास कर रही है। इसके लिए शिक्षण संस्थानों को पर्याप्त संसाधन भी मुहैया कराए जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि इस विद्यालय में बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य होना बहुत जरूरी था। लगभग 4 लाख की लागत से यह कार्य पूर्ण होगा। बाउंड्री वाल का निर्माण होने से बच्चों, शिक्षकों को सुरक्षा प्राप्त होगी और विद्यालय परिसर में घुमंतु जानवरों का आना जाना भी बंद हो जाएगा। साथ ही असामाजिक तत्वों का भी आवागमन बंद होगा।

### अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की

देहरादून। माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन में अतिक्रमणमुक्त अभियान के अन्तर्गत टीमों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। आज घंटाघर - दिलाराम चौक-विजय कालोनी हाथीबड़कला, सर्वे चौक-रायपुर रोड से लाडपुर तक लाडपूर-जोगीवाला आदि स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने 28 चालान करते हुए रुपए 32400 के अर्थदंड की कार्रवाई की गई, पुलिस द्वारा लगभग 28 चालान करते हुए, रुपए 10750 के अर्थदंड की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार आरटीओ द्वारा लगभग 7 चालान करते हुए रुपए 9000 के अर्थदंड की कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है, कि अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाते हुए, फुटपाथ, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त करें तथा किसी भी दशा में उन्हें पुनः अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण व किसी भी प्रकार की अवाछनीय गतिविधिया संचालित न होने दे। अतिक्रमण मुक्त अभियान के शुभारंभ 13 जनवरी 2024 से अब तक नगर निगम, पुलिस एवं आरटीओ द्वारा लगभग 4237 चालान किये जिनमें धनराशि रू0 1027409 वसूली गई।

# रविदास जयंती से पूर्व बाबा साहेब की मूर्ति स्थापित करने की मांग



रुड़की। झबरेड़ा में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाए जाने की मांग को लेकर क्षेत्र के युवाओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पूर्व विधायक को सौंपा। इसके साथ ही अस्पताल के उच्चीकरण के लिए बजट पास होने पर मुख्यमंत्री और पूर्व विधायक का आभार जताया। सिविल लाइंस में पूर्व विधायक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल के आवास पर पहुंचे युवाओं ने उन्हें मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। ज्ञापन में कहा कि 2019 में मुख्यमंत्री ने झबरेड़ा में मानकपुर चौक पर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाए जाने की घोषणा की थी।

# लापरवाह बना निगम, बिना नंबर प्लेट दौड़ रहा वाहन



निगम परिसर के समीप बिना नंबर प्लेट खड़ा निगम का कूड़ा वाहन

**अधिकांश वाहनों का पंजीकरण भी नहीं करवा पाया है निगम**

**बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे वाहनों से बना दुर्घटनाओं का खतरा**

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नगर निगम अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाह बना हुआ है। हालत यह है कि नगर निगम के अधिकांश वाहन बिना पंजीकरण व नंबर प्लेट के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं। नियमों की अनदेखी कर फर्राटा भर रहे इन वाहनों से हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। पूर्व में शिकायत के बाद भी नगर निगम वाहनों के पंजीकरण की सुध नहीं ले रहा। वर्तमान में नगर निगम के पास कूड़ा उठाने के लिए एक डंपर, चार ट्रैक्टर, 21 डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले छोटे वाहन मौजूद हैं। लेकिन, इसमें से अधिकांश छोटे व बड़े वाहनों पर नंबर प्लेट भी नहीं है। यही नहीं वर्षों से चल रहे इन वाहनों का बीमा तक नहीं करवाया गया है। नगर निगम की ओर से खरीदे गए स्काई लिफ्ट विद्युत वाहन पर भी नंबर प्लेट नहीं हैं। नतीजा बिना नंबर प्लेट फर्राटा भर रहे इन वाहनों से सड़क पर हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। पूर्व में पार्षद भी वाहनों के पंजीकरण करवाने की मांग उठा चुके हैं। लेकिन, नगर निगम ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

## यह है नियम

मोटर वाहन एक्ट के तहत कोई भी वाहन बगैर इंश्योरेंस और गाड़ी नंबर लिए सड़क पर नहीं उतरना चाहिए। यदि इसके बावजूद गाड़ी सड़क पर उतरती है तो संबंधित विभाग व चालक के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है।

लेकिन, नगर निगम खुलेआम नियमों का मखौल उड़ा रहा है। ऐसे में यदि कोई दुर्घटना होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा, यह बड़ा सवाल है।

# प्रबंध कार्यकारणी के चुनाव की तैयारियां शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल जीप टैक्सी समिति कोटद्वार के पदाधिकारियों व सदस्यों के चुनाव के लिए चुनाव समिति का गठन किया जाना प्रस्तावित है।

चुनाव समिति ही चुनाव संपन्न करायेगी। इसके लिए समिति की ओर से सभी प्रबंध कार्यकारणी सदस्यों व कर्मचारियों को एक सप्ताह के अंदर अपने-अपने मार्गों से किसी एक वाहन स्वामी को चुनाव समिति का सदस्य चुनकर विवरण समिति कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

वाहन का समिति में पंजीकरण होना आवश्यक है। यह जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष अमरदीप सिंह रावत ने सभी कर्मचारियों से शीघ्र ही चुनाव समिति के सदस्यों की सूची उपलब्ध कराने की अपील की है।

# चक्कर काट रहे पीड़ित, नहीं मिल रही रकम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून (बड्स एक्ट) 2019 लागू होने के बाद भी डूबी रकम वापस नहीं मिलने पर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि पूर्व में कई आंदोलन चलाने के बाद भी उनकी अनदेखी की जा रही है।

समस्या के संबंध में पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

बताया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार ने देश के प्रत्येक ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की ठग कंपनियों और सोसाइटियों में डूब चुकी रकम को 180 दिनों के भीतर वापस दिलाने के लिए बड्स एक्ट 2019 लागू किया है। इसके तहत जिलाधिकारियों को भुगतान अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। कहा कि पौड़ी जिले में सक्षम और सहायक सक्षम अधिकारी उक्त कानून का ना ही पालन कर रहे हैं और कानून लागू होने के बाद भी ठगी पीड़ितों के आवेदन भी नहीं ले रहे हैं। कहा कि कानून लागू होने के कई वर्ष बाद भी पीड़ितों का भुगतान न होने से पीड़ितों में रोष व्याप्त है। जबकि, पूर्व में पीड़ित कई बार धरना-प्रदर्शन भी कर चुके हैं। इस मौके पर सुखदेव सिंह शास्त्री, राजेंद्र कुमार, भागीरथी, आनंदी देवी, अनीता, चंपा राना, कल्पना रावत, रीना आर्य, लक्ष्मी बिष्ट, रीता रावत, विजय लक्ष्मी, इंदु बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव को एकजुट होकर काम करें कार्यकर्ता व पदाधिकारी

**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक**

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। जन-जन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे यह हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

बदरीनाथ मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश प्रवक्ता व पौड़ी लोकसभा प्रभारी हेमंत द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार उत्तराखंड के बेहतर विकास के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। दूरस्थ क्षेत्र के लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच सकें इसके लिए कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों को गंभीरता से कार्य करना होगा। कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों का विकास कर पलायन को रोकना है। युवा गांव में रहकर ही स्वजरोजगार से जुड़ सकें इसके लिए जल्द ही अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लेकर प्रत्येक बूथ पर 24 घंटे का प्रवास भी करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, जिला प्रभारी राकेश नैनवाल, दीनदयाल कंडारी आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को संबोधित करते अतिथि

# पूरी मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव लड़ेगा उक्रांद

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल कोटद्वार इकाई की शिब्बू नगर मे बैठक आयोजित की गई। सदस्यों ने आगामी लोकसभा चुनाव में उक्रांद प्रत्याशी को चुनाव लड़वाने का निर्णय लिया है। कहा कि उक्रांद पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच पहुंचकर अपना प्रत्याशी उतारेगी।

बैठक में पार्टी नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल आगामी चुनावों में भाग लेगा। इसके लिए शीघ्र संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाकर उम्मीदवारों के चयन पर पर चर्चा करने के साथ ही चुनाव को प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए चुनाव संचालन समिति और चुनाव प्रचार समिति का गठन किया जाएगा। जगदीपक सिंह रावत ने कहा कि संगठन को वार्ड और पंचायत स्तर पर मजबूत बनाने पर कार्य किया जा रहा है। मौके पर महानगर अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत ने घोषणा की कि 5 फरवरी से आरंभ होने वाले विधानसभा सत्र के अवसर पर दल कोटद्वार में विभिन्न स्थानों पर धरना प्रदर्शन करेगा। इस दौरान चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग व मालन नदी पुल का निर्माण, कण्व आश्रम का राष्ट्रीय पौराणिक स्थल और तीर्थ के रूप में विकास करना, मोटर नगर का शीघ्र निर्माण, ट्रंचिंग ग्राउंड का निर्माण, जंगली जानवरों से किसानों की फसलों की रक्षा, गूल और नहरों का निर्माण, सड़कों का निर्माण और सरकारी अस्पताल में डॉक्टर और आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था उपलब्ध कराने आदि की मांग सरकार से की जाएगी। बैठक में सत्य प्रसाद भारद्वाज, प्रवेश चंद्र नवानी, गोविंद डंडरियाल, राजेंद्र पंत, विनोद चौधरी, सत्यपाल सिंह नेगी और भारत मोहन काला सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।


आयोजित बैठक में भाग लेते उक्राद कार्यकर्ता व पदाधिकारी

# व्यापारियों ने लाइसेंस टैक्स थोपने का लगाया आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्थानीय व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। कहा कि शहर की व्यापारिक स्थिति को देखते हुए लाइसेंस टैक्स थोपा जाना सही नहीं है।

इस दौरान व्यापार सभा के अध्यक्ष हेमेंद्र नेगी, सचिव देवेंद्र रावत, कोषाध्यक्ष कुलदीप गुसांई, पूर्व व्यापार सभा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत आदि के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर पालिका पौड़ी द्वारा व्यापारियों पर लाइसेंस टैक्स को जबरन थोपने की मंशा आरोप लगाते हुए अपना विरोध दर्ज किया। इस मौके पर व्यापारियों ने शहर में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आगामी 3 फरवरी को मुख्यमंत्री आगमन पर कुछ मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी विधायक को सौंपा।

# ग्रामीणों ने पेयजल योजना पर उठाएं सवाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड बीरोंखाल अंतर्गत चौदह गांव के लिए खटलगढ़ नदी से पेयजल उपलब्ध कराने वाली तैलीपखोली पिपलसैंण पंपिंग पेयजल योजना पर ग्रामीणों ने सवाल उठाएं है। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर बिना उनकी अनुमति से जेसीबी मशीन द्वारा उनकी कृषि भूमि को खुर्दबुर्द करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर अवैध अतिक्रमण रोकने व ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग करी हैं।

पिपलसैंण निवासी सुनील सुयाल, बुद्धि बल्लभ सुयाल, दीपक सुयाल, सुरज सुयाल आदि ने बताया कि जल संस्थान पौड़ी द्वारा चार करोड़ की लागत से तैलीपखोली पिपलसैंण पंपिंग पेयजल योजना का निर्माण किया जा रहा हैं। जिसमें ठेकेदार व जल संस्थान की मिलीभगत से बिना उनकी अनुमति से कृषि भूमि को जेसीबी मशीन से काट कर खुर्द-बुर्द किया जा रहा हैं।

ग्रामीणों का आरोप हैं कि कई बार जल संस्थान के अधिकारियों को सूचना देने का बाद भी ठेकेदार द्वारा लगातार उनकी जमीन को काटा जा रहा हैं। उधर खाटली वल्ला-2 राजस्व उपनिरीक्षक उत्सव अग्रवाल का कहना है कि पिपलसैंण के ग्रामीणों द्वारा पत्र दिया हैं जांच में पाया गया कि ठेकेदार द्वारा पच्चीस नाली जमीन को जेसीबी मशीन से काटा गया हैं।

उधर, जल संस्थान पौड़ी सहायक अभियंता संजय कुमार ने बताया कि पिपलसैंण के ग्रामीणों द्वारा अपनी जमीन को पंपिंग पेयजल योजना को बनाने के लिए पहले ही विभाग को अनुमति दे रखी हैं।

# 32 परिवारों को दिए उज्वला योजना के कनेक्शन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत भारत गैस एजेंसी काशीरामपुर की ओर से 32 परिवारों को उज्वला गैस कनेक्शन दिए गए।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गो सेवा अयोग के अध्यक्ष डा. राजेंद्र अण्थ्वाल ने परिवारों को गैस वितरित किए। उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय परिवारों की मदद के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उज्वला योजना के तहत धुएं से निजात दिलाकर गैस सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। कहा कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सरकारी योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए। जिससे वह इन योजनाओं का बेहतर लाभ उठा सकें। इस मौके पर भारत गैस एजेंसी काशीरामपुर की संचालिता दीपा देवी, गौ सेवा आयोग के सदस्य धर्मवीर सिंह गुसाईं, सुनीता देवी, मुन्नालाल मिश्रा, अमिताभ अग्रवाल, कमलेश कोटनाला, अर्चना शर्मा, लक्ष्मी नेगी, हार्दिक सिंह आदि मौजूद रहे।


महिलाओं को गैस कनेक्शन देते गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल

## एक नजर

### कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को जिताने का काम करें : आशा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नगर पालिका सभागार में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा शक्ति वंदन पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने महिलाओं को एकजुटता पर जोर दिया। कहा कि चुनाव में सभी एकजुट होकर पार्टी को जिताने का काम करें।बुधवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यशाला में विधायक राजकुमार पोरी ने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा आयोजित शक्ति वंदन जिला कार्यशाला में बतौर विशिष्ठ अतिथि हिस्सा लिया। विधायक ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से महिला कार्यकर्ताओं को स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से जुड़कर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करना चाहिए। इस मौके पर पार्टी की जिला अध्यक्ष सुषमा रावत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना गैरोला, जिला कार्यकारणी सदस्य सुमनलता ध्यानी, विधान सभा विस्तारक प्रेम सिंह पंवार, शक्ति वंदन कार्यक्रम की संयोजक नीलम जुयाल, संगीता डोभाल, ज्योति सुंद्रियाल, हेमलता भट्ट, नगमा आदि मौजूद रहे।

### कार्यशाला प्रथम सप्ताह से

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में 12 दिवसीय उद्यमिता शिविर आयोजित किया जाएगा। डा. विनोद देवलियाल ने बताया कि देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होगा।

### मंदिर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

चमोली : पुलिस ने भगवान टटेश्वर मंदिर टटासूं डिम्मर में लड्डू गोपाल की मूर्ति, सिंहासन समेत अन्य सामान की चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का खुलासा करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने 2500 रुपए ईनाम की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि 24 जनवरी की रात में भगवान टटेश्वर महादेव मन्दिर टटासूं डिम्मर सिमली में चोर ने मन्दिर में रखे लड्डू गोपाल की मूर्ति, मूर्ति का सिंहासन, 10-15 तांबे के लोटे, एक छत्र तथा पूजा की आरती दीपक तथा मन्दिर की घंटिया चोरी कर ली थी। डिम्मर की ग्राम प्रधान राखी डिमरी ने कर्णप्रयाग थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया था। पुलिस टीम ने सिमली डिम्मर बाजार के सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की मदद से जगदीश सिंह रावत (28) निवासी ग्राम कुण्डडुंग्रा लम्बवाड थाना कर्णप्रयाग को टटासू डिम्मर मोटर मार्ग में बस की प्रतीक्षा करते हुए दबोच दिया। आरोपी के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया। (एजेंसी)

### एक गिरफ्तार

चमोली : एसओजी टीम ने 606 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया पुलिस ने मंगलवार को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर चैकिंग के दौरान एसएसबी बैण्ड कालीमाटी के पास समय ऑल्टो कार के चालक जोत सिंह निवासी ग्राम परवाडी थाना गैरसैण जनपद चमोली उम्र 49 वर्ष से 606 ग्राम अवैध चरस बरामद की। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। और वाहन को सीज किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया वह भराडीसैण में परचून की दुकान चलाता है। तथा गांवों से स्वयं अलग-अलग स्थानों से चरस लाकर गैरसैण कॉलेज के छात्रों को ऊंचे दामों पर बेचता है। (एजेंसी)

### विधायक का आभार जताया

नई टिहरी : राजकीय इंटर कालेज घुमेटीधार में विधायक शक्तिलाल शाह द्वारा विधायक निधि से फर्नीचर उपलब्ध कराने पर विद्यालय परिवार ने उनका आभार जताया। विद्यालय के शिक्षक उपेंद्र मैठाणी ने बताया कि जीआईसी घुमेटीधार भिलंगना ब्लाक का केन्द्र बिन्दु है।

# गश्त, पिकेट, चीता ड्यूटी और बैरियर ड्यूटी को लेकर अत्यधिक सतर्कता बरतें : बलोनी

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक ली। इस दौरान एएसपी ने आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत गश्त, पिकेट, चीता ड्यूटी और बैरियर ड्यूटी को लेकर अत्यधिक सतर्कता बरतने की हिदायत दी। उन्होंने लोकसभा चुनाव के द्दष्टिगत अवैध शराब, अवैध हथियारों, नशा तस्करों/ नशे के धंधेबाजों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। एएसपी ने कहा कि समस्त पुलिस कार्मिक उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्गत सोशल मीडिया गाइडलाइन्स का शत-प्रतिशत अनुपालन करें। साथ ही समस्त थाना प्रभारियों व बीट कांस्टेबल को आमजन के साथ बेहतर समन्वय बनाये रखने, बीट क्षेत्र में निवासरत बुजुर्गो से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने, बेसिक पुलिसिंग के तहत कार्य करने को कहा।



एएसपी जया बलोनी अपराध समीक्षा बैठक लेते हुए।

बुधवार को पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक ली। उन्होंने समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों में नियुक्त अधीनस्थ कर्मचारियों की प्रत्येक माह मीटिंग लेकर उनके कार्यों की समीक्षा करने तथा उनकी व्यक्तिगत/पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठंड लगातार बढ़ रही है, जिस कारण रात्रि में गृह भेदन व चोरी की घटना बढ़ने की आशंका अधिक रहती है इसलिए समस्त थाना प्रभारी को रात्रि में गश्त व पिकेट बढ़ाने के साथ-साथ प्रभावी चैकिंग करें। बैठक में बताया गया कि मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग, पुलिस शिकायत प्राधिकरण, शासन, पुलिस मुख्यालय एवं रेंज स्तर से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों में मुख्यतः कोतवाली कोटद्वार में 33 एवं कोतवाली पौड़ी में 22 शिकायती प्रार्थना पत्र लम्बित है। जिस पर एएसपी ने सम्बन्धित थाना प्रभारियों को लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। एएसपी ने समस्त थाना प्रभारियों को रैश ड्राइविंग करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने को कहा। साथ ही रैश ड्राइविंग, शराब पीकर वाहन चलाने एवं ओवर लोड़ग करने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, क्षेत्राधिकारी श्रीनगर आर के चमोली, क्षेत्राधिकारी कोटद्वार विभव सैनी, क्षेत्राधिकारी सदर पौड़ी अनुज कुमार, प्रतिसार निरीक्षक अनुराग कुमार व समस्त थाना एवं शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# बहुउद्देशीय शिविर का उठाया लाभ

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विकासखंड एकेश्वर की ग्राम सभा गौर्ली के श्रीकोटखाल में बहुउद्देशीय जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

बुधवार को अटल उत्कृष्ट राइंका में शिविर का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने दीप प्रज्वलित किया। शिविर में पहुंचने पर सीनियर जज का एनसीसी कैडेट एवं कालेज के छात्र-छात्राओं समेत शिक्षक, जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। बहुउद्देशीय शिविर में लोगो को विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी देने के साथ ही समाज कल्याण, चिकित्सा, राजस्व, खाद्यपूर्ती, कृषि, वन, उद्यान, पशु, उद्यान विभाग, पुलिस सहित एक दर्जन से अधिक विभागों द्वारा स्टॉल



आयोजित शिविर शुभारंभ करते अतिथि

लगाकर केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। शिविर में डीएलएसए एडवोकेट विनोद कुमार, पीएलवी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, एकेश्वर सुनील, रंजना बडोला, धर्मवीर रावत, एसीएमओ डॉ. एसडी बर्मन, खाद्यपूर्ति अधिकारी रविन्द्र कुमार, वीडीओ बीएस नेगी, एसआई मनोज रावत, दीपशिखा महिला पुलिस, भूमि राम पांथरी पूर्व प्रधान गोरली रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### कर्मचारियों का धरना 20 फरवरी तक स्थगित

श्रीनगर गढ़वाल : जल निगम-जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर श्रीनगर में जल संस्थान और पेयजल निगम के कर्मचारियों ने 20 फरवरी तक धरना समाप्त कर दिया है। बीते 20 जनवरी से पेयजल निगम एवं जल संस्थान के एकीकरण एवं राजकीयकरण की मांग को लेकर श्रीनगर जल संस्थान और पेयजल निगम के कर्मचारियों का धरना व कार्य बहिष्कार जारी था।

मोर्चा के गढ़वाल संयोजक एसएन जोशी ने बताया कि जल निगम-जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के साथ वार्ता में सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद कर्मचारियों ने 20 फरवरी तक आंदोलन स्थगित कर दिया है।

### कड़ाके की ठंड में भी धरने पर बैठे रहे छात्र

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में छात्र हितों से जुड़ी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही न होने पर जय हो छात्र संगठन का धरना बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। देर शाम तक मांगों पर सकारात्मक आश्वासन न मिलने पर छात्र विवि प्रशासनिक गेट पर कड़ाके की ठंड में भी धरने में बैठे रहे।छात्रों ने कहा कि जब तक मांगों पर विवि प्रशासन लिखित आश्वासन नहीं देता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने का नेतृत्व कर रहे गढ़वाल विवि के छात्र संघ के अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने कहा कि लम्बे समय से गढ़वाल विवि में नूतन सत्र में इंटीग्रेटेड एमबीए, एमएससी योगिक साइंस, छात्रों के आवागमन के लिए नई बसें उपलब्ध करवाये जाने, छात्रावासों में इंडोर खेल सुविधा दिए जाने, नये सत्र में बीएससी होम साइंस विषय सहित 23 सूत्रीय मांगों पर कार्यवाही कर छात्रों को सुविधा दिये जाने की मांग की जा रही है,

## भाजपा धर्म के नाम पर मुलभूत समस्याओ से भटका रही ध्यान : नेगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कांग्रेस की गढ़वाल लोकसभा की बैठक में एकजुटता और सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बुधवार को जिला पंचायत के पुराने सभागार में आयोजित बैठक में गढ़वाल लोकसभा समंवयक प्रतापनगर विधायक विक्रम नेगी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र में विघटनकारी ताकते राष्ट्र की एकता अखंडता को खतरा पैदा कर रही हैं जो जाति, धर्म, सम्प्रदाय और क्षेत्र के नाम पर मतभेद पैदा कर रही हैं। भाजपा धर्म के नाम पर मुलभूत समस्याओ से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। देश व प्रदेश में लोग बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य, पानी, बिजली की मूलभूत समस्याओ से जूझ रहे है।

बैठक में विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि कार्यकर्ता कांग्रेस की नीतियों, विचारधारा और सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाए। कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए यात्रा हर गांव तक चला कर न्याय दिलाना होगा, जिससे दोषियों और षड्यंत्रकारियों को सजा मिल सके।

कहा कि कांग्रेस को आपसी सामंजस्य और जन संवाद के माध्यम से लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर सकती है। आरोप लगाया कि भाजपा के सांसद सदन में प्रदेश के मुद्दे एवं क्षेत्र से नदारद रहे । कांग्रेस ने विपक्षी दल के रूप में सड़क से सदन तक देश प्रदेश के मुद्दों को लेकर संघर्ष किया।

उन्होंने कहा कि आज समय आ गया कि हम आपसी सामंजस्य से जनता से सीधा संवाद करें और बूथ स्तर पर कमेटी बनाकर संगठन को मजबूत करें। जिलाध्यक्ष विनोद नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्षा ज्योति रौतेला, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलम रावत, आशा मनोरमा शर्मा, नगर अध्यक्ष भरत सिंह, धीरेन्द्र प्रताप, प्रेम बहुखंडी, महेश जोशी, मधुसूदन सुंदरियाल, नगर अध्यक्ष श्रीनगर सूरज घिल्डियाल, ब्लॉक प्रमुख दीपक कुगसाल, वीरेंद्र सिंह, दीपक असवाल, कुलदीप रावत, विजय दर्शन, रघुनाथ रावत, भानु प्रताप, मंगल सिंह, सुनील लिंगवाल, मोहित, राजेश भंडारी, भूपेंद्र पुंडीर कमला रावत, मनोज रावत, सूरत सिंह, बेगू लाल सिंह, अद्वैत बहुगुणा, उपेंद्र रावत, गोपाल आदि मौजूद रहे।

# 34 वर्ष 11 माह की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक दर्शन सिंह बिष्ट

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : बुधवार को जनपद पुलिस से उपनिरीक्षक दर्शन सिंह बिष्ट के ऐच्छिक सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस कार्यालय पौड़ी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उपनिरीक्षक दर्शन सिंह बिष्ट 01.02.1989 को आरक्षी के पद पर भर्ती हुए, 23.04.2009 को उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये। दर्शन सिंह बिष्ट द्वारा 34 वर्ष 11 माह अपनी सेवाएं पुलिस विभाग को प्रदान की गयी। अपने सेवाकाल में उपनिरीक्षक दर्शन सिंह बिष्ट ड्यूटी के प्रति लगनशील, मेहनती, मृदुभाषी एवं व्यवहार कुशल रहे हैं।

विदाई समारोह के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार जया बलोनी, अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला



एएसपी कोटद्वार जया बलोनी उपनिरीक्षक दर्शन सिंह बिष्ट को स्मृति चिन्ह देते हुए।

एवं क्षेत्राधिकारी सदर पौड़ी अनुज कुमार, प्रतिसार निरीक्षक अनुराग कुमार आदि पुलिस कार्मिकों द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक दर्शन सिंह बिष्ट को स्मृति चिन्ह, शॉल, प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही उपहार भेंट करते हुये पुलिस परिवार की ओर से उनके सेवानिवृत्त जीवन के स्वस्थ, सुखद एवं खुशहाल पारिवारिक जीवन की मंगल कामना के साथ भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर दर्शन सिंह बिष्ट ने कहा कि पुलिस बल को प्रतिदिन विभिन्न चुनौतियों का सामना तो करना ही पड़ता है, परन्तु यदि हम दिये गये कार्यों व अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी व निष्ठापूर्वक करें तो काफी हद तक कार्य आसान हो जाता है।

# आरटीआई अधिनियम सच्चे लोकतंत्र के लिए अनिवार्य शर्त





चमोली : जनपद चमोली में सूचना अधिकार अधिनियम और नियमावली पर दो दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला बुधवार को संपन्न हुई। प्रशिक्षण के दौरान अपीलीय अधिकारियों, लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक लोक सूचना अधिकारियों को सूचना अधिकार अधिनियम-2005, नियमावली-2013 और आरटीआई के संबंध में न्यायालयों की ओर से समय-समय पर जारी आदेशों की केस सहित जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रशिक्षक जिला सेवायोजन अधिकारी मुकेश रयाल ने जानकारी देते हुए कहा कि आरटीआई अधिनियम महज एक अधिनियम नहीं बल्कि एक सच्चे लोकतंत्र के लिए अनिवार्य शर्त है। उन्होंने बताया कि यदि किसी विभाग में दूसरे विभाग से संबंधित सूचना का अनुरोध किया जाता है, तो पांच दिन में संबंधित विभाग को अनुरोध पत्र भेज दिया जाए। सूचना जिस स्थिति में धारित है, उसी प्ररूप में आवेदक को सूचना दी जाए। सूचना चाहने के लिए अतिरिक्त शुल्क की आवश्यकता होने पर आवेदक को सात दिनों के भीतर सूचित करें। किसी थर्ड पार्टी के बारे में और व्यक्तिगत सूचना मांगे जाने पर अधिनियम में उल्लेखित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाए। कार्यशाला में आरटीआई अधिनियम-2005 और नियमावली के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों और उसके संभावित समाधानों पर स्पष्टीकरण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ बीपी सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी एसके रतूड़ी, जिला पर्यटन अधिकारी वृजेन्द्र पांडेय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विनय जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य, प्रभारी सूचना अधिकारी रवेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अपीलीय अधिकारी, लोक सूचना अधिकारी और सहायक लोक सूचना अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

## उत्तरकाशी कोतवाल अमरजीत ने संभाला चार्ज

उत्तरकाशी : नव नियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने थाने का प्रभार संभालते हुए नगर क्षेत्र में यातायात, नशा और अन्य कानून व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की प्राथमिकता बताई। थानाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कहा कि उत्तरकाशी में सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही नशे की समस्या को खत्म करने के लिए तत्पर हैं।

दूसरी ओर, थाना धरासू के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार चौकी गेंवला पर स्थानीय व्यापार मण्डल, जनप्रतिनिधियों, टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों व स्थानीय नागरिकों के साथ गोष्ठी कर क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम, कानून एवं शान्ति व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, नशा तथा अन्य संदिग्ध गतिविधियों के सम्बन्ध में चर्चा-परिचर्चा की।

मीटिंग में बाहरी प्रान्तों से व्यापार व मजदूरी करने आये व्यक्तियों के शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन करने पर जोर दिया। गेंवला ब्रह्मखाल में सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात विशेषकर चारधाम यात्रा सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने हेतु सभी को सड़क पर अनावश्यक वाहन खड़ा न करने तथा अति आवश्यक होने पर वाहन को कुछ समय के लिए सड़क के एक ही तरफ पार्क करने की सलाह दी गयी। (एजेंसी)

## बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के सरकार को ठहराया जिम्मेदार



नई टिहरी : मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की लम्बगांव पार्टी ब्रांच कमेटी की बैठक एक लॉज में कामरेड चन्द्रमोहन रांगड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रतापनगर क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए रोष जाहिर किया गया। बैठक ने पार्टी व जन संगठनों की गतिविधियों को प्रतापनगर क्षेत्र में गतिशील करने के लिए चर्चा के बाद कई निर्णय लिए गए। ब्रांच कमेटी बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से पार्टी सदस्यों ने उठाया। उन्होंने सीएचसी चौंड से दो सप्ताह पूर्व गर्भवती महिला को बौराड़ी रेफर करने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यदि सीएचसी चौंड में स्वीकृत पदों के अनुरुप डॉक्टरों की तैनाती होती तो, गर्भवती महिला व उनके बच्चे की जान बच सकती थी। लेकिन आश्चर्य की बात है कि स्वीकृत दस पदों में से एक भी डाक्टर का उपस्थित न होना स्वास्थ्य विभाग व प्रदेश सरकार की घोर लापरवाही को दर्शाता है। बैठक ने निर्णय लिया कि तत्काल मुख्य चिकित्साधिकारी से मुलाकात कर सभी स्वीकृत पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग की जायेगी। यदि डाक्टरों की तैनाती नहीं की गई, तो क्षेत्र की जनता के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाने के बाद आंदोलन किया जायेगा। ब्रांच सचिव कामरेड सुमेर सिंह रावत के बैठक का संचालन किया। राज्य कमेटी सदस्य कामरेड भगवान सिंह राणा सहित बैठक में सुमेर सिंह रावत, चन्द्रमोहन रांगड़, महीम रतूड़ी, देवेन्द्र पोखरियाल, संजय रावत व कुंवारी कलूड़ा उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## भारी बर्फबारी और शीत दिवस की संभावना जताई

चमोली : मौसम को देखते हुए राज्य आपातकालीन केन्द्र देहरादून से एडवाइजरी जारी की गयी है। मौसम विभाग द्वारा 31 जनवरी के अपराहन से 01 फरवरी तक जनपद में कहीं कहीं भारी बर्फबारी और शीत दिवस की संभावना व्यक्त की गयी। एडवाइजरी में आपदा प्रबंधन आईआरएस प्रणाली के नामित अधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने, किसी भी आपदा/दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्यवाही करते हुए सूचनाओं का तत्काल आदान–प्रदान करने को कहा गया है। साथ ही किसी भी मोटर मार्ग के बाधित होने की स्थिति में संबंधित विभाग को तत्काल सड़क खुलवानें और इस अवधि में लोगों के फंसे होने की स्थिति पर खाद्य सामग्री व मेडिकल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।


उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

[illegible] मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद [illegible] ई–निविदा आमंत्रित करते हैं–

ई–निविदा [illegible] संख्या [illegible]–विद्युत/नि./टीआरडी/पीपीएस/यू.एसबी./134–[illegible]

कार्य का नाम व स्थान : [illegible]

| | |
|---|---|
| कार्य पूरा करने की अवधि | 15 (पन्द्रह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 11,67,22,844.15/– (टी.आर.डी– रु. 10,05,60,436.77+ [illegible] 1,61,62,107.38) |
| बोली प्रतिभूति (ऑन लाईन) जमा कराने के लिए | रुपए 7,43,600/– |
| ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | [illegible] 22.02.2024 [illegible] 11:30 बजे तक [illegible] वेबसाइट www.ireps.gov.in पर [illegible] 22.02.2024 [illegible] 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई–निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट [illegible] 07.02.2024 से 22.02.2024 तक [illegible] |

[illegible] 17–विद्युत/नि./टीआरडी/पीपीएस/यू.एसबी./134–[illegible]
दिनांक 31.01.2024 [illegible]

[illegible]


## वारंटी को किया गिरफ्तार

नई टिहरी : टिहरी पुलिस ने एनबीडब्ल्यू के मामले में एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीनियर सिविल जज नई टिहरी के जारी एलबीडब्ल्यू के एक मामले में नई टिहरी के बौराड़ी निवासी शशि उनियाल पुत्र देवेश्वर उनियाल को टिहरी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया है। (एजेंसी)

## कार से 14 पेटी शराब पकड़ी, एक गिरफ्तार

नई टिहरी : थाना नरेंद्रनगर पुलिस ने एक कार से अवैध रूप से ले जा रही 14 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ ही बिजनौर निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस की मीडिया सेल ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर नशे के कारोबार के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत नरेंद्रनगर की जाजल चौकी पुलिस टीम ने हरियाणा नंबर की एक कार से अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब के साथ यूपी के जनपद बिजनौर के अकबराबाद निवासी अनिक कुमार पुत्र अशोक कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। (एजेंसी)

## बैठक 8 फरवरी को

नई टिहरी : उत्तराखंड चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद टिहरी गढ़वाल की एक आवश्यक बैठक आगामी 8 फरवरी को लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन नई टिहरी में दोपहर ढाई बजे आहुत की जायेगी। यह जानकारी देते हुए महासंघ के जिलाध्यक्ष त्रिलोक नेगी ने बताया कि बैठक में जनपद के सभी ब्लाक शाखाओं के पदाधिकारियों के साथ ही समस्त विभागीय घटक संघों के अध्यक्ष व सचिव भी शामिल होंगे। बैठक में 4200 गेड वेतन व शासन स्तर पर चल रही गतिविधियों एवं कर्मचारियों की जनपदीय समस्याओं व अन्य अहम बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जायेगा। (एजेंसी)


**सहायक अभियन्ता (विद्युत), कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, परिमण्डल पौड़ी तहसील रोड़, निकट गैस गोदाम, पौड़ी।**

पत्रांक 1887 / ग्रा0नि0वि0/निविदा-सूचना-03/2023-24 दिनांक 31-01-2024

### ''निविदा आमन्त्रण सूचना''

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से विभाग में विद्युत कार्यो हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो की निविदा दिनांक 15-02-2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन उपरान्ह 2:30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी या मनोनीत अधिकारी द्वारा इस कार्यालय में खोली जायेंगी। इन कार्यों की निविदायें कार्यालय दिवसों में ठेकेदारों को दिनांक 01-02-2024 से दिनांक 14-02-2024 की सांय 4:00 बजें तक परिमण्डल कार्यालय पौड़ी में धरोहर धनराशि प्रस्तुत करने के उपरान्त ही विक्रय की जाऐंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जनपद/ विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | विकास भवन पौड़ी के अनावासीय भवन (कार्यालय भवन) का अनुरक्षण/सुदृढिकरण कार्य (विद्युतीकरण कार्य) | पौड़ी/ पौड़ी | 8.47 | 25,410.00 | नि0मू0-1000 GST-180 पृथक-पृथक | 06 माह | ''ए'' | 30 दिन |
| 2 | जिला मुख्यालय रूद्रप्रयाग के मुख्य भवन में विद्युतीकरण का कार्य। | रूद्रप्रयाग/ अगस्त्यमुनि | 5.14 | 15,420.00 | नि0मू0-1000 GST-180 पृथक-पृथक | 02 माह | ''ए'' | 30 दिन |

सहायक अभियन्ता (विद्युत),
ग्रामीण निर्माण विभाग,
परिमण्डल पौड़ी।

## सम्पादकीय

# यातायात प्रबंधन बन रहा समस्या

नगरों का विकास होने के साथ–साथ यातायात संचालन और परिवहन की समस्या भी बढ़ने लगी है। सबसे अधिक समस्या महानगरों में है जहां वाहनों का दबाव इस प्रकार से बढ़ गया है कि प्रशासन द्वारा किए जा नए–नए प्रयोग व प्रयास भी कम लगने लगे हैं। यातायात संचालन की दृष्टि में सबसे खराब स्थिति देहरादून एवं हरिद्वार में देखने को मिल रही है जहां वाहनों का सैलाब मौजूदा व्यवस्थाओं पर भारी पड़ रहा है। परिवहन सुधार की दिशा में देहरादून में जिला व पुलिस प्रशासन प्रयास तो कर रहा है लेकिन इसके परिणाम अभी पूरी तरह से नजर नहीं आ रहे हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नकल करने के लिए "फ्लाइंग हॉक मिशन" चलाया गया है जिसके तहत ड्रोन के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने के साथ–साथ अतिक्रमण पर भी नजर रखी जा रही है। उल्लंघन करने वाले ड्रोन के दायरे में आएंगे और उन्हें ऑनलाइन चालान भेजे जाएंगे। इस व्यवस्था में नो पार्किंग के भी चालान काटे जा रहे हैं लेकिन इधर पार्किंग को लेकर एक बार फिर लोग पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। राजधानी देहरादून एवं हरिद्वार में पार्किंग एक बड़ी समस्या बन गया है, व्यापक पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण लोग अपने वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करते हैं, इसके बाद अक्सर या तो उनके वाहन पुलिस उठा ले जाती है या वाहनों पर चालान पर्ची चस्पा कर दी जाती है। आने वाले दिनों में उत्तराखंड में यातायात सीजन की शुरुआत होगी तो यातायात प्रबंधन और पार्किंग को लेकर एक बार फिर हाय तौबा मचने वाली है। धर्मनगरी हरिद्वार से लेकर देहरादून एवं चार धाम यात्रा मार्ग पर वाहनों का सैलाब उमड़ेगा तो यातायात व्यवस्था भी संभालनी एक चुनौती हो सकता है। उत्तराखंड राज्य गठन के बाद से पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर अनियोजित विकास देखने को मिला है जिससे यहां यातायात प्रबंधन कभी भी पटरी पर नहीं आ पाया। सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण तथा यातायात प्रबंधन की कोई ठोस नीति न होने के कारण सुलभ यातायात संचालन एक नियमित समस्या बन गया है। उत्तराखंड के बड़े नगरों में यातायात की व्यवस्था सुधारने के लिए हाईटेक उपकरणों के साथ–साथ नई–नई तकनीकी के प्रयोग में लाई जा रही है, लेकिन कहीं ना कहीं कोई ना कोई अव्यवस्था देखने को मिल ही रही है। यहां पूरा दोष पुलिस या प्रशासन को नहीं दिया जा सकता क्योंकि एक बड़ी जिम्मेदारी हर उसे व्यक्ति की भी है जो सड़क पर चलता है फिर चाहे वह वाहन युक्त हो या फिर पैदल चलने वाले। यातायात नियमों को तोड़ने की प्रवृत्ति अभी भी लोगों में नजर आती है और इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभी तक कोई बड़ी कार्रवाई पूरे प्रदेश में देखने को नहीं मिली है। कुशल यातायात संचालन के लिए संबंधित एजेंसी एवं आम व्यक्तियों के बीच सहयोग बेहद जरूरी है और इस "सहयोग" का पालन कराने के लिए यदि थोड़ी बहुत सख्ती करनी भी पड़े तो इससे पीछे नहीं हटना चाहिए।

## एनडीए में सीट बंटवारा आसान नहीं होगा

बिहार में भाजपा और जदयू ने फिर सरकार बना ली और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बन गए लेकिन उसके बाद एनडीए के भीतर सीट बंटवारे का मामला उलझ गया। पहले ह्यइंडियाह्न के भीतर सीट बंटवारा उलझा हुआ था और अब एनडीए में उलझन शुरू हो गई। चिराग पासवान ने अभी इस बारे में कोई बात नहीं की है तो जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा और पशुपति पारस भी सीटों के आकलन में जुटे हैं। राज्य की 40 लोकसभा सीटें हैं और पिछली बार भाजपा, जदयू के साथ लोक जनशक्ति पार्टी थी। भाजपा और जदयू के बीच 17–17 सीटें बंटी थीं और लोजपा को छह सीट मिली थी। इस बार लोजपा दो खेमों में बंट गई है, जिनमें से एक का नेतृत्व चिराग पासवान कर रहे हैं तो दूसरे की कमान पशुपति पारस के हाथ में है। इनके अलावा पिछली बार महागठबंधन के साथ रहे उपेंद्र कुशवाहा भी एनडीए के साथ हैं और जीतन राम मांझी भी हैं। सो, इन दो नई पार्टियों को एडजस्ट करना होगा।

सबसे पहले भाजपा और जदयू के बीच सीट बंटवारा फाइनल करना होगा। बताया जा रहा है कि पिछली बार की तरह इस बार जदयू को 17 सीटें नहीं मिलेंगी। लेकिन ऐसा भी नहीं होग कि नीतीश कुमार बहुत कम सीटों पर राजी हो जाएंगे। अगर कहा जा रहा है कि उनके कोटे की दो या तीन सीटें लेकर उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी को दी जाएंगी। यानी नीतीश जितनी सीट छोड़ेंगे उतनी ही सीट कुशवाहा और मांझी को मिलेगी। पहले की तरह लोक जनशक्ति पार्टी को छह सीटें दी जाएंगी। ये छह सीटें चाचा–भतीजा यानी पशुपति पारस और चिराग पासवान के बीच बंटेंगी। ध्यान रहे 2014 के लोकसभा चुनाव के समय भाजपा ने लोजपा को सात सीट दी थी, लेकिन 2019 में इसे छह किया गया और बदले में भाजपा ने एक राज्यसभा की सीट रामविलास पासवान को दी थी, जो उनके निधन के बाद भाजपा ने फिर वापस से ली थी। कहा जा रहा है कि इस बार राज्यसभा की एक सीट फिर से लोजपा को ऑफर की जा सकती है। इस तरह छह लोकसभा और एक राज्यसभा सीट के जरिए चिराग और पारस को एडजस्ट किया जाएगा।

# भारत हमेशा से आस्था का गढ़ रहा

**श्रुति व्यास**

जैसे–जैसे जश्न का दिन नज़दीक आता जा रहा था, मुझे समझ आने लगा कि 6 दिसंबर 1992 क्यों और कैसे हुआ होगा? मैंने बाईस जनवरी को आस्था की ताकत देखी, विश्वास का जोश देखा और देखी एक व्यक्ति और उसके आन्दोलन के प्रति अंधभक्ति।

अगर आपके मन में रत्ती भर संदेह भी हो तो उसे निकाल फेंके।

बात बाईस जनवरी की है।मैं तब अयोध्या में थी। और वहां मैंने देखा हिन्दुओं की एकता, राम की भव्यता और आस्था का वह भावातिरेक जिसे आपड्राइंग रूम में टीवी के आगे बैठकर या इन्स्टाग्राम पर तस्वीरों को देखकर महसूस नहीं कर सकते।

संदेह नहीं बाईस जनवरी का दिन केवल और केवल राजनीति को समर्पित था। उस दिन जो कुछ किया गया, उसका लक्ष्य साफ़ थाः हिन्दुओं को एकजुट और लामबंद करो और ऐसा माहौल बनाओ कि यदि आप में एक विशिष्ट आस्था नहीं है तो आप अनैतिक हैं, हिन्दू–विरोधी हैं, राम–विरोधी हैं, मोदी–विरोधी हैं और भारत–विरोधी हैं।आखिर हम सब जानते ही हैं कि धर्म के नाम पर होने वाले संघर्ष कितने क्रूर और कितने वीभत्स होते हैं।

ठंड विकट थी। सुबह कोहरे में लिपटी रहती थी। दिन में भी सूरज के दर्शन दुर्लभ थे और रातें तो हाड़ कंपाने वाली थी हीं। मगर आस्था की उष्णता व उर्जा इन सबके मुकाबिल थी। अलग–अलग रंगरूप के, अलग–अलग पंथों के, अलग–अलग पोशाकें पहने, देश के अलग–अलग हिस्सों के तीर्थयात्रियों, बाबाओं और साधु–संतों का अयोध्या में जमावड़ा था। कुछ लडक़े बिहार से स्केटिंग करते हुए पहुंचे थे, कुछ मजदूर मध्यप्रदेश और कुछ आंटियां महाराष्ट्र से आईं थीं। और एक नेपाली परिवार को अचानक अयोध्या में रहने वाले अपने रिश्तेदार की याद आ गयी थी।

शहर का इंच–इंच लोगों से पटा हुआ था। सुरक्षा कड़ी थी और जहाँ देखो तहां भगवान राम के आदमकद कटआउट थे और प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते होर्डिंग। आकाश फीका था मगर गुलाबी और पीले गेंदे के फूल और चारों ओर लहराते राम के नाम के परचम माहौल में कुछ रंग, कुछ उत्साह घोल रहे थे। हर कोने में स्पीकर लगे थे जो नए दौर के राम भजन सुना रहे थे। ये भजन टेक्नो हैं, ढिंगचक हैं और उन भजनों से बहुत अलग हैं जिन्हें हम न भूतो न भविष्यति लता मंगेशकर की सुरीली आवाज़ में सुनते आए हैं। कुल मिलाकर, अयोध्या रामराज्य की अगवानी के लिए तैयार थी। सब कुछ बहुत भव्य और चटकीला–चमकीला था। आखिर इतिहास लिखा जाना था।

जैसे–जैसे जश्न का दिन नज़दीक आता जा रहा था, मुझे समझ आने लगा कि 6 दिसंबर 1992 क्यों और कैसे हुआ होगा?मैंनेबाईस जनवरी को आस्था की ताकत देखी, विश्वास का जोश देखा और देखी एक व्यक्ति और उसके आन्दोलन के प्रति अंधभक्ति।

जो हो रहा है वह अनोखा है।

भारत हमेशा से आस्था का गढ़ रहा है। दुनिया के अन्य हिस्सों के विपरीत, हमने आस्था का दामन कभी नहीं छोड़ा। हम हमेशा धार्मिक बने रहे और अपनी धार्मिकता को खुल कर प्रदर्शित भी करते रहे। कब–जब, जब वक्त हमारे खिलाफ हो जाता था या हम अर्थ के पीछे भागने लगते थे, तब हम धर्म को थोड़ा पीछे खिसका देते थे।

मगर वह रहता हमेशा था और जब भी ज़रुरत पड़ती, वह ड्राइविंग सीट पर आ जाता था। मैंने देखा है कि मेरी और मेरे आसपास के लोगों की ज़िन्दगी जब मुसीबतों से घिरने लगती है तो हम आस्था के सहारे हो जाते हैं। मैंने काशी में आस्था की दिव्यता का अनुभव किया है, मैंने महाकुम्भ की महानता महसूस की, मैंने नाथद्वारा और मथुरा के दैवीय स्पर्श की अनुभूति की है। मगर आस्था हमेशा से मेरे लिए एक व्यक्तिगत मसला रही है। या कम से कम अब तक थी।



मैंने अयोध्या को बहुत नहीं देखा है। पिछली बार सन 2022 में मैं जब वहां गई थी तो शहर खस्ताहाल था। मुझे नहीं पता कि पुरानी अयोध्या, श्रद्धास्पद अयोध्या, में कैसा महसूस होता है। मगर यह पक्का है कि नई अयोध्या में, नए रामराज्य में सब कुछ अपनी शक्ति का अहसास करवाता हुआ और रोबदार है। आप उसे नजऱअंदाज़ नहीं कर सकते। चाहे वह लेजऱ शो या ड्रोनों का प्रदर्शन, चाहे वे आधुनिक भजन हों या मोबाइल की स्क्रीनों की आँखें चौंधियाने वाली चमक झ्र सब आपका ध्यान अपनी ओर खींच कर ही मानते हैं।

शहर का प्रवेश द्वारा बहुत शानदार है, सडकें चौड़ी हैं और नई इमारतों की बाढ़ आ गयी है। पीले, मैरून और भूरे झ्र मकान पर मकान और होटलों पर होटलें। ठाठदार रेस्टोरेंटों में चाईनीज़ नूडल्स और फ्राइड राइस मिल रहा है। सरयू के किनारे और उसके घाट चमक रहे हैं। आने–जाने के लिए इलेक्ट्रिक टुक–टुक हैं और ज़मीन–जायदाद के दाम रातों–रात आसमान पर पहुँच गए हैं। बाईस जनवरी और उसके पहले अयोध्या और उसके वासियों ने दसियों लाख रुपये कमाए। घटिया होटलें, जयपुर के ताज रामबाग़ के बराबर किराया वसूल रही थीं और अधबने मकान में एक रात ठहरने के लिए आपको 10,000 रुपये तक चुकाने पड़ सकते थे। चायवालों के पास साँस लेने की फुर्सत नहीं थी। यहाँ तक कि अयोध्या के बंदर भी उत्साह में कूद रहे थे। आखिर भगवान जो आने वाले थे।

हालाँकि सारी भव्यता, केवल ह्यराईटह्न (एक से अधिक अर्थों में) व्हीव्हीआईपीज़ के लिए अरक्षित थी मगर किस्मत से मुझे मंदिर के उद्घाटन के दिन ही दर्शन करने का मौका मिल गया। मगर यह मौका बिना संघर्ष के नहीं मिला। और मिले भी क्यूं? भगवान को पाने के लिए संघर्ष तो करना ही पड़ता है।

दरअसल जहाँ मीडिया कंपनियों के सेठों को व्हीव्हीआईपी दर्शन का मौका मिला, वहीं पत्रकार बन्धु भीड़ का हिस्सा थे। रामलला सोने जाएँ, उसके पहले उनके दर्शन करने के प्रयास में कुछ गिरे, कुछ के कैमरे टूटे और कुछ के घुटने और कुहनियाँ छिलीं।

वहां मौजूद पत्रकारों के हुजूम में मुझे आस्था का एक नया आयाम देखने को मिला। सिवाय कुछ पत्रकारों के, जो 1992 में अयोध्या के घटनाक्रम के भी गवाह थे, वहां कवरेज के लिए पहुंचे अधिकांश पत्रकार मिलेनियल थे। उनमे से अधिकांश खुल कर कहते रहते थे कि ईश्वर, धर्म और आस्था में उनकी कोई ख़ास आस्था नहीं है। वे गर्व से स्वयं को नास्तिक, अनीश्वरवादी, संशयवादी और मूर्तिभंजक बताते रहे हैं। मगर 22 जनवरी की रात मुझे आस्था की ताकत, आस्था की दिव्यता को नए परिप्रेक्ष्य से देखने का मौका मिला। पत्रकारों ने पहले तो अपना पेशेवराना काम किया झ्र पीटूसी किया या फोटो खींचे या नोट्स लिए। उसके बाद उनमें से कुछ एक कोने में खड़े होकर, गर्भगृह की पवित्रता में उतराने लगे। कुछ भगवान की वापसी पर गर्वित थे, कुछ की आखें नम थीं तो कुछ अपने घर फ़ोन लगाकर, अपने परिवारजनों के लिए विशेष सीधा प्रसारण कर रहे थे।

आस्था आपसे वह करवा सकती हैं जो आप सोच भी नहीं सकते, आस्था के कारण आप अपना सर झुका सकते हैं और दंडवत हो सकते हैं। मगर हमारे धर्म की विशेषता यही रही है कि वह आपको कुछ भी करने के लिए मजबूर नहीं करता। अगर आपको अन्दर से महसूस होता है कि आपको यह करना चाहिए, तो आप वह कर सकते हैं। और यही धर्म की असली ताकत होती है।

मगर नए भारत में यह सब बदल गया है। अब आपको नख से शिख तक अपनी आस्था पहननी पड़ती है, अब आस्था आपकी बोली में झलकनी चाहिए, आपके चाल में दिखनी चाहिए। जब आप सरयू के किनारे से लाइव टीवी शो करें, तब आपको अपनी आस्था में सराबोर दिखना चाहिए ताकि किसी दर्शक को तनिक भी संदेह न रह जाए कि आपकी आस्था क्या है। आप जब दूसरों का अभिवादन करें तो उसमें आपकी आस्था झलकनी चाहिए। आपकी कमीज़ के रंग से आपकी आस्था दिखनी चाहिए। मगर 22 जनवरी को आडम्बर भी था। बहुत ज्यादा था। और पूरा कार्यक्रम भगवान से ज्यादा एक व्यक्ति पर केन्द्रित था। हर अखबार और पत्रिका, हर टीवी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री थे झ्र और साथ में राम भी। एक प्रतिनिधि राष्ट्रीय पत्रिका का शीर्षक था ह्यगॉडस पॉलिटिशियनह्न (खुदाई सियासत–दाँ)। बाईस जनवरी को निश्चित याद किया जाएगा मगर संभवतया राजनैतिक कारणों से। कुछ लोग राम मंदिर की तामीर को भारतीय रेनासां (नवजागरण) बता रहे हैं। मगर इतिहास तो हमें बताता है कि रेनासां वह दौर था जब सांस्कृतिक, बौद्धिक और वैज्ञानिक प्रगति हुई थी और लोग धर्म और राजकाज के मिश्रण से दूर गए थे। मैंने कहीं पढ़ा था कि "भावना, जिसके पीछे कोई तथ्य नहीं होता, विवेक पर भारी पड़ती है और सदियों के परिश्रम से हासिल की गई उदारता की दिशा को एकदम पलट देती है।"

हिन्दू धर्म शायद एक बदलाव की कगार पर है। उसे देश की अस्मिता को परिभाषित करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। पहले आस्था के ढांचे (शाब्दिक या लाक्षणिक दोनों अर्थों में) दमन के नहीं बल्कि आज़ादी के ढांचे माने जाते थे। फिर 1992 हुआ। उसके बाद हम सबने धीरे–धीरे यह मान लिया कि हमारी आस्था का ढांचा, हमारे विश्वास जटिल हैं और अगर वे पूर्व–निर्धारित खांचों में नहीं बैठ सकते, तो न सही। फिर आई 22 जनवरी। अब आपको अपनी आस्था अपनी चेहरे से चिपकानी पड़ेगी। अगर आप जय श्री राम नहीं बोलते, तो आप हिन्दू नहीं हैं। अगर आप नरेन्द्र मोदी को भगवान का अवतार नहीं मानते तो आप भारतीय नहीं हैं।

और ऐसा भी नहीं है कि भारत में जो हो रहा है वह अनोखा है। भाषा और राष्ट्रवाद के साथ–साथ धर्म भी किसी समुदाय में जोश भरने, उसे एक विशेष आकार देने का एक शक्तिशाली औजार रहा है, और है। बाईस जनवरी को धर्म का यही उपयोग किया गया। अब धर्म हमारे लिए आशा और सांत्वना का स्त्रोत नहीं है, व्यक्तिगत तौर पर हमें हिम्मत बंधाने का औजार नहीं है। धर्म अब राजनीति के मंच पर ठीक बीच में उपस्थित है। और जब राजनीति और दैवियता का घालमेल होता है तो उसके नतीजे अप्रत्याशित होते हैं।

यह भारत लिए गौरव का क्षण है, मगर इसकी जो कीमत हमने अदा की है, वह बहुत ज्यादा है।

# लद्दाख में चीनी सैनिकों से भिड़े निहत्थे चरवाहे, बख्तरबंद वाहनों पर चलाए पत्थर



जम्मू ,। लेह–लद्दाख के सुदूर पर्वतीय इलाके में एक बार फिर से चीनी सेना का नापाक इरादा सामने आया है। चीन की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी के जवानों ने भारतीय चरवाहों को रोकने की कोशिश की। इस पर निहत्थे भारतीय चरवाहे ने साहस का परिचय देते हुए हथियार से लैस चीनी सेना के जवानों से भिड़ गए। भारतीय चरवाहों ने चीनी सेना की बख्तरबंद गाडि़यों पर पत्थरबाजी भी की। चीनी सेना के जवानों और भारतीय चरवाहों के बीच झड़प का वीडियो सामने आया है। यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल भी हो रहा है। यह पहला मौका नहीं है जब चीन की ओर से उकसावे वाली कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार, पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर चीनी सैनिकों की नापाक हरकत सामने आई है। बताया जा रहा है कि भारतीय चरवाहों को चीनी सैनिकों ने चारागाह में जानवर ले जाने से रोक दिया। इसके बाद चीनी सैनिकों और भारतीय चरवाहों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में गुत्थम–गुत्थी होने लगी। यहां यह बता दें कि चीनी सैनिक हथियार से लैसे थे, जबकि भारत के स्थानीय चरवाहे निहत्थे थे। इसके बावजूद स्थानीय चरवाहों ने क्रूर के कदम का विरोध करने से पीछे नहीं हटे। चुशूल के काउंसलर कॉनचॉक स्टेंजिन ने सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों के बीच हुई झड़प का वीडियो शेयर किया है। विडियो में चीनी सैनिक चरवाहों को रोकते दिख रहे हैं और चरवाहे उनसे बहस कर रहे हैं।

# बाढ़ प्रभावित तमिलनाडु के व्यापारियों ने की सरकार से ब्याज मुक्त ऋण की मांग

चेन्नई ,तमिलनाडु के थूथुकुडी में बाढ़ प्रभावित व्यापारियों ने राज्य सरकार से 50 हजार रुपये और 1 लाख से 10 लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण की मांग की है।

ऑथूर, साउथ ऑथूर और मुक्कानी के व्यापारी संघ के नेताओं ने बताया कि व्यापारिक समुदाय व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए पैसे की मांग कर रहा है, क्योंकि दिसंबर, 2023 में ताम्रबारानी नदी के उफान के कारण उन्हें भारी नुकसान हुआ था।तमिलनाडु वेनिगर संगम पेरावई के दक्षिण जिला अध्यक्ष रवि ने कहा, हम मांग करते हैं कि राज्य सरकार दिसंबर 2023 में थमीराबारानी नदी के उफान से हुई क्षति के लिए व्यापारियों को 50 हजार रुपये और एक लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दे।उन्होंने कहा कि हालांकि जिला औद्योगिक केंद्र (डीआईसी) के अधिकारियों ने 10 जनवरी को ऑथूर में एक ऋण मेले के दौरान ऋण के लिए 400 से अधिक आवेदन एकत्र किए थे, लेकिन प्रस्तावों पर विचार नहीं किया गया है।रवि ने आगे कहा कि बैंक तीन गारंटर, पैन कार्ड और केवाईसी रखने वाले सरकारी या निजी कर्मचारियों के लिए अनुरोध कर रहे थे और इसने व्यापारियों को भ्रमित कर दिया है।व्यापारी संघ के नेता एमआर मुथुस्वामी ने कहा, मवेशियों और पशुधन के नुकसान पर विचार किया गया और गणना की गई, व्यापारियों की आजीविका के नुकसान पर विचार नहीं किया गया।उन्होंने जिला प्रशासन से शहर में पानी के बहाव को रोकने के लिए मजबूत सुरक्षा दीवारें बनाने का आ''ान किया।

थूथुकुडी के शिवराममंगलम गांवों में कीलपिडागई के लोगों ने अपने चेहरे पर काले रिबन बांधे और वरदराजपुरम के पास एक निजी ईंट भट्टे द्वारा नदी के बांध पर अवैध रेत खनन को बाढ़ का दोषी ठहराया।

स्थानीय जनता ने आरोप लगाया कि पानी के पंप, सडक़ें और सार्वजनिक सुविधाएं अभी भी बहाल नहीं की गई हैं, अधिकारियों ने ईंट भे को संचालन फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी है।

### उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में बनाया रिकॉर्ड, कमाएं 400 करोड़

जयन्त प्रतिनिधि। दिल्ली : उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बताया कि उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उत्तर रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में 400 करोड़ रुपए अर्जित किये। इस प्रकार उत्तर रेलवे स्क्रैप का निपटान कर भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में पहले स्थान पर रही है। उत्तर रेलवे ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में 100 करोड़, 200 करोड़, 300 करोड़ रुपए की स्क्रैप बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है।एक बड़ी कार्य प्रणाली होने के कारण, रेलवे पर कार्यशील परिसंपत्तियों का निरंतर नवीनीकरण होता रहता है। यहां बड़ी मात्रा में स्क्रैप उत्पन्न होता है। स्क्रैप लौह और अलौह विभिन्न श्रेणियों के होते हैं। इसलिए, जोनल रेलवे और रेलवे पीएसयू में स्क्रैप निपटान एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। स्क्रैप पदार्थ की बिक्री से न केवल राजस्व उत्पन्न होता है, बल्कि कार्य परिसर को साफ–सुथरा रखने में भी मदद मिलती है। रेल पटरियों के आसपास और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर स्क्रैप सामग्री का पड़ा रहना भी सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है। जो इमारतें और शेड अब उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं हैं, उन्हें नई संरचनाओं के लिए जगह बनाने के लिए व्यवस्थित रूप से हटाया जा रहा है। उत्तर रेलवे जीरो स्क्रैप स्टेटस हासिल करने और इस वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक स्क्रैप बिक्री रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए अपने परिसरों को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में 12वीं की परीक्षा गुरुवार से, 13 लाख परीक्षार्थियों के लिए बने 1523 केंद्र

पटना ,बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो रही है। इस परीक्षा में 13.04 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए प्रदेश में 1523 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर के मुताबिक, इस साल होने वाली 12वीं की परीक्षा में 6.77 लाख छात्र और 6.26 लाख छात्राएं शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर बोर्ड द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में परीक्षा के 30 मिनट पहले पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी और वीक्षक मोबाइल फोन लेकर नहीं जाएंगे। सभी केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। पटना में 77 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनके लिए 78 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### मप्र के राज्यपाल से मोहन यादव मंत्रिमंडल की मुलाकात

भोपाल , मध्य प्रदेश के मोहन यादव मंत्रिमंडल के मंत्रियों ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात की। इसे सौजन्य मुलाकात बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य बुधवार की सुबह राजभवन पहुंचे। राज्यपाल पटेल ने उनका स्वागत किया और उनका परिचय भी हासिल किया। राज्य की सियासत में बहुत कम ऐसे अवसर आए हैं जब मुख्यमंत्री के साथ पूरे मंत्रिमंडल की मौजूदगी में राज्यपाल ने सौजन्य मुलाकात की हो।

इससे पहले राज्य के राज्यपाल रहे लालजी टंडन ने मंत्रिमंडल के सदस्यों का राजभवन में स्वागत किया। विशेष आयोजनों के अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्यों और मुख्यमंत्री की सौजन्य मुलाकात होती रही है मगर इस सामूहिक मुलाकात के अवसर कम दिखे हैं।

### सरकार ने 16वें वित्त आयोग के 4 सदस्यों की नियुक्ति की

नई दिल्ली , सरकार ने बुधवार को 16वें वित्त आयोग में चार सदस्यों की नियुक्ति की, जिसका गठन 31 दिसंबर, 2023 को नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढि़या को अध्यक्ष बनाकर किया गया था। भारत के राष्ट्रपति ने 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य और पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा, पूर्व विशेष सचिव व्यय एनी जॉर्ज मैथ्यू, अर्था ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष को पूर्णकालिक सदस्य के रूप में मंजूरी दे दी है। भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को 16वें वित्त आयोग के अंशकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।आयोग से राज्यों को करों के वितरण पर अपनी सिफारिशें 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है, इसमें 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की पुरस्कार अवधि शामिल है। कैबिनेट ने 29 नवंबर को 16वें वित्त आयोग के लिए संदर्भ की शर्तों को मंजूरी दे दी थी। इनमें केंद्र और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय का वितरण और ऐसी आय के संबंधित शेयरों के राज्यों के बीच आवंटन, सिद्धांत, सहायता अनुदान और राज्यों के राजस्व और पूरक के लिए आवश्यक उपाय शामिल हैं। आयोग आपदा प्रबंधन पहलों के वित्तपोषण पर वर्तमान व्यवस्था की भी समीक्षा करेगा; आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत गठित निधियों के संबंध में और इस मुद्दे पर उचित सिफारिशें करें।

# घने कोहरे की चादर में लिपटा उत्तर भारत, आईजीआई एयरपोर्ट पर 50 से ज्यादा फ्लाइट लेट

नई दिल्ली ,जनवरी महीने के आखिरी दिन भी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड है। सुबह राष्ट्रीय राजधानी का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली–एनसीआर में आज सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। मौसम विभाग ने आज हल्की बारिश की भी चेतावनी जारी की है।

वहीं, पंजाब के कई जिलों में बुधवार सुबह हल्की बारिश भी देखने को मिली। हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में कोहरे की मोटी परत छाए रहने के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर 50 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। घने कोहरे के कारण लंबी दूरी की ट्रेनें भी कई घंटे देरी से चलीं और कई ट्रेनों को रद भी कर दिया गया, जिसके चलते यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिन में तेज हवाओं और बारिश



के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली एनसीआर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। अधिकतम तापमान 21 डिग्री के आसपास रहा। एक दिन पहले मंगलवार को ही न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 11 और 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार की शाम को हल्की बारिश हो सकती है। इसके चलते गुरुवार को एक बार फिर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कमी आ सकती है।

### बिहार में 12 वर्षीय नाबालिग का शव बरामद, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

शेखपुरा ,बिहार के शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 12 साल की नाबालिग का शव उसके गांव के ही खेत से बरामद किया है। आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म के बाद लडक़ी की हत्या कर शव को छोडक़र आरोपी भाग गया। पुलिस के अनुसार, 12 वर्षीय लडक़ी मंगलवार की शाम गांव में ही साग तोडऩे गई थी। जब वह देर शाम तक नहीं लौटी तब परिजनों ने उसकी खोज शुरू की। बताया जाता है कि लडक़ी का शव पास के ही एक अरहर के खेत से बरामद किया गया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। बच्ची के परिजनों के मुताबिक, शव निर्वस्त्र बरामद किया गया है। जिससे परिजन दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका प्रतीत हो रहा है।

# पटना में गंगा नदी के तट पर लगेगी राजेंद्र प्रसाद की 243 मीटर ऊंची प्रतिमा

पटना ,। बिहार की राजधानी पटना में गंगा तट पर देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की 243 मीटर ऊंची प्रतिमा लगेगी। यह प्रतिमा गुजरात में नर्मदा के किनारे बने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा से भी ऊंची होगी। पटना नगर निगम इससे संबंधित प्रस्ताव सरकार को भेजेगा।

इधर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एनआरआई सेल के संयोजक और इंडिया पॉजिटिव के सचिव मनीष सिन्हा ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा लगाए जाने के निर्णय का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि यह मुहिम कई महीनों से चलाया जा रही थी।

उन्होंने बताया कि पटना की मेयर सीता साहू की अध्यक्षता में नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति में इस प्रस्ताव को भेजने का निर्णय लिया था। इसके बाद प्रतिमा बनाने से संबंधित प्रस्ताव पास कर राज्य सरकार को भेज दिया गया है।

अब राज्य सरकार की मंजूरी का इंतजार है। जैसे ही राज्य सरकार प्रतिमा को लेकर अपनी मंजूरी देगी, इसे बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

मनीष सिन्हा ने इस अभियान में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद किया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली, पटना, सिवान एवं विदेशों में अनगिनत कार्यक्रम संगठन ने काम किया। इस यात्रा में कई लोग जुड़े, साथ दिया, धीरे धीरे एक सामाजिक व राजनीतिक मुहिम का रूप लिया।

उन्होंने बताया कि सबसे पहले सांसद संजय जायसवाल ने कहा था कि भाजपा की सरकार आएगी तो प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भी 2023 में बापू सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 243 मीटर लम्बी मूर्ति के निर्माण करवाने का आश्वासन दिया था।

सिन्हा ने कहा कि पटना में राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा का निर्माण 'स्टैचू ऑफ यूनिटी' की तर्ज पर होना चाहिए, जिसमें डिजिटल लाइब्रेरी, म्यूजियम व अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं भी हो।

# पी. सी. जॉर्ज ने केरल जनपक्षम सेक्युलर पार्टी का भाजपा में विलय किया

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के लिए साउथ के केरल राज्य में और भी मजबूती पार्टी को मिलेगी क्योंकि केरल के पूर्व विधायक पी. सी. जॉर्ज ने केरल जनपक्षम (सेक्युलर) पार्टी का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय कर दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने पीसी जॉर्ज को पार्टी में शामिल करवाया। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के लिए केरल में एक मजबूत साथी मिलने की वजह से अब केरल में पार्टी और भी मजबूत हो गई है। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि केरल में भी विकास होना चाहिए और इसीलिए वहां की जनता ने बदलाव खोज रही है और इसी वजह से छोटे–छोटे दल भी भारतीय जनता पार्टी के साथ आ रहे हैं।पीसी जॉर्ज ने कहा कि हमारी पार्टी बहुत छोटी है और यह नदी में मिलने वाली एक छोटी धारा की तरह होगी इसीलिए भारतीय जनता पार्टी में विलय करके केरल के विकास के लिए यह निर्णय हम लोगों ने लिया।''केरल विधानसभा में 30 साल से अधिक समय तक पूंजर सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले जॉर्ज ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और कहा कि भारत को इतना कुशल प्रधानमंत्री कभी नहीं मिला और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच यही राय है कि उनका (प्रधानमंत्री का) समर्थन किया जाए।पीसी जॉर्ज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की देश विकास की राह पर है और हम लोग चाहते हैं कि उनके नेतृत्व में केरल भी विकास करें। पीसी जॉर्ज ने कहा कि भारत को कभी इतना कुशल प्रधानमंत्री नहीं मिला।कोट्टायम जिले के पूंजर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सात बार के पूर्व विधायक जॉर्ज ने 1982 से 1987 और 1996 से 2022 तक कुल 33 वर्षों तक केरल विधानसभा में प्रतिनिधित्व किया।2016 के विधानसभा चुनावों के बाद अपनी खुद की पार्टी केरल जनपक्षम (सेक्युलर) बनाने से पहले वह केरल कांग्रेस, केरल कांग्रेस (जोसेफ), केरल कांग्रेस (मणि) और केरल कांग्रेस (सेक्युलर) जैसे विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े थे।अपने राजनीतिक करियर के दौरान जॉर्ज यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) सरकार के सत्ता में रहने पर 2011 से 2015 तक केरल विधानसभा के मुख्य सचेतक जैसे पदों पर रहे है।बाद में उन्होंने 2017 में अपनी पार्टी की स्थापना की। जॉर्ज 2021 के विधानसभा चुनावों में त्रिकोणीय मुकाबले में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के उम्मीदवार से अपने गढ़ पूंजर क्षेत्र में चुनाव हार गए थे।

# महाराष्ट्र की तैराक पलक जोशी ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीता



चेन्नई ,खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 के अंतिम दिन महाराष्ट्र की तैराक पलक जोशी ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक के अपने राष्ट्रीय अंक में सुधार किया, जबकि तमिलनाडु के भारोत्तोलक आर.पी. कीर्तन ने समग्र राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड तोड़कर लड़कियों के 81 किग्रा वर्ग में जीत हासिल की।

पलक जोशी, जिन्होंने 2022 एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, इस प्रतियोगिता में उन्होंने घड़ी को 2:18.59 सेकेंड पर रोक दिया था, जो कि पिछले साल जुलाई में हैदराबाद में राष्ट्रीय एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में निर्धारित उनके वरिष्ठ राष्ट्रीय चिह्न 2:18.90 सेकेंड से कम था। भारतीय तैराकी महासंघ इसे 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन' के रूप में मान्यता देगा, क्योंकि एसएफआई केवल राष्ट्रीय खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड मानता है। तेलंगाना की श्री नित्या सागी ने 2:25.83 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि कर्नाटक की नायशा ने 2:25.83 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले, तमिलनाडु के भारोत्तोलक आर.पी. कीर्तन ने लड़कियों के 81 किग्रा वर्ग में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और ओवरऑल में राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता था। कीर्तन ने कुल 188 किलोग्राम वजन उठाया, जिसमें स्नैच में 85 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 103 किलोग्राम वजन उठाया और अपने राज्य के साथी ओविया के (184 किलोग्राम) से आगे रहीं, जबकि उत्तर प्रदेश की संतुष्टि चौधरी ने कुल 162 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। स्नैच (81 किग्रा), क्लीन एंड जर्क (104 किग्रा) और ओवरऑल (185 किग्रा) में पिछला रिकॉर्ड आंध्र प्रदेश की चौधरी श्रीलक्ष्मी के पास था। .

इस बीच, महाराष्ट्र ने अपने स्वर्ण पदकों की संख्या में नौ और स्वर्ण पदक जोड़कर स्वर्ण पदकों का अर्धशतक पूरा कर लिया। विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अदिति गोपीचंद स्वामी ने नेहरू पार्क में तीरंदाजी स्थल पर महाराष्ट्र की अगुवाई करते हुए कंपाउंड लड़कियों और मिश्रित टीम के स्वर्ण पदक जीते, जबकि पृथ्वीराज घाडगे और शरवानी शेंडे ने रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल जीता। शेंडे ने लड़कियों की रिकर्व श्रेणी में भी रजत पदक जीता, जबकि तेजल साल्वे ने कंपाउंड लड़कियों में रजत पदक जीता और मिहिर अपार ने लड़कों की कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। मदुरै में, महाराष्ट्र की खो-खो टीम ने अपने पसंदीदा टैग के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए दोनों स्वर्ण पदक जीते।

# स्कूल बस ड्राइवर की बेटी ने कुश्ती में जीता मेडल

चेन्नई एक बाप-बेटी की कहानी काफी दिलचस्प है। जब आठ वर्षीय तन्नू सुबह 4.30 बजे अपने पिता जगदीश गुलिया के साथ 2016 रियो ओलंपिक में भारतीय महिलाओं की कुश्ती देख रहीं थी। उस समय साक्षी मलिक ने अंतिम क्षणों में मुकाबला पलटते हुए कांस्य पदक हासिल किया। यह वही क्षण था जब जगदीश और तन्नू दोनों ने जश्न मनाते हुए एक-दूसरे को गले लगा लिया, और यहीं से तन्नू का एक खिलाड़ी के रूप में सफर शुरू हुआ।

हरियाणा में एक स्कूल बस ड्राइवर जगदीश ने फैसला किया कि उनकी बेटी तन्नू एक पहलवान बनेगी।

दूसरी ओर, तन्नू एक एथलीट के रूप में मिलने वाली यात्रा के अवसरों के बारे में सोचकर और भी अधिक उत्साहित थी। दिलचस्प बात यह है कि राजारथिनम स्टेडियम में 65 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर वह उस सपने के एक कदम और करीब पहुंच गईं।

तन्नू ने कहा, मेरे पिता स्वर्ण पदक से खुश होते, लेकिन यह ठीक है। पिछले संस्करण के विपरीत जहां मैं दूसरे दौर में बाहर हो गई थी और खाली हाथ लौटी थी, इस बार मेरे पास अपने पिता को दिखाने के लिए कुछ तो है।

आमतौर पर, उनके पिता ज्यादातर प्रतियोगिताओं में उसके साथ यात्रा करते हैं, लेकिन इस बार उनके स्कूल ने उनकी छुट्टी मंजूर नहीं की, इसलिए उनके साथ उनके चाचा नरेंद्र और छोटी चचेरी बहन साक्षी भी थीं, जो पदक नहीं जीत सकी।

तन्नू ने अब तक यहां कांस्य पदक समेत चार पदक जीते हैं। उन्होंने 2023 में अंडर-19 स्कूल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। 2022 में अंडर-17 कैडेट रैंकिंग सीरीज़ में कांस्य और 2019 में अंडर-14 स्कूल नेशनल गेम्स में कांस्य पदक अपने नाम किया।

तन्नू ने कहा, अगले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आप मुझे स्वर्ण पदक लेते हुए देखेंगे। मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगी और यहां से कड़ी मेहनत करूंगी। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मिले अवसर और पदक ने मुझे काफी उत्साहित किया है। मुझे पता है कि मैं बड़े पुरस्कारों की हकदार हूं और इससे अधिक बेहतर कर सकती हूं।

उन्होंने कहा कि उनके पिता ने अपनी कम कमाई के बावजूद उनके लिए सब कुछ किया है। साथ ही मुझे मजबूत रखने के लिए वह मुझे सब कुछ खिलाते हैं। मेरे चाचा ने एक भैंस भी खरीदी है ताकि दूध और घी की कोई कमी न हो।

# प्रीमियर लीग : न्यूकैसल ने विला को 3-1 से हराया



बर्मिंघम , फैबियन शार के दो गोल की मदद से न्यूकैसल युनाइटेड ने एस्टन विला में प्रीमियर लीग में 3-1 से जीत दर्ज की।

मिली इस जीत ने न्यूकैसल की प्रीमियर लीग में लगातार चार हार के सिलसिले को खत्म किया, जिससे यूनाई एमरी की टीम को सीजन की अपनी पहली घरेलू हार का सामना करना पड़ा।

स्विस डिफेंडर ने एलेक्स मोरेनो के गोल से पहले फर्स्ट हाफ के पांच मिनट में दो बार गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ की शुरुआत में ही उनकी जीत पक्की हो गई।

ओली वॉटकिंस ने विला के लिए एकमात्र गोल किया, जिसने अपने पिछले पांच प्रीमियर लीग मैचों में से केवल एक जीता है।

सीजन की अपनी दूसरी जीत हासिल करने के बाद न्यूकैसल 32 अंकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि विला 43 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। 17 मैचों का अजेय होम रन समाप्त होने के बाद लिवरपूल एक मैच अधिक खेलने के कारण पांच अंक पीछे है।

# तबीयत बिगडने पर मयंक अग्रवाल अस्पताल में हुए भर्ती

अगरतला ,कर्नाटका क्रिकेट टीम के कप्तान मयंक अग्रवाल को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद अगरतला के एक निजी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

यह घटना शाम को उस समय हुई जब अग्रवाल अगरतला से दिल्ली के रास्ते सूरत के लिए उड़ान भर चुके थे। विमान में बैठते ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। अग्रवाल ने इंडिगो के विमान में बैठने के बाद पानी समझकर एक बोतल से तरल पदार्थ ग्रहण किया था। जिसके बाद उन्हें पेट में दर्द महसूस होने लगा। इसके साथ ही उन्हें मुंह और गले में जलन की शिकायत की। उन्हें विमान में उल्टी भी हुई, जिसके बाद उन्हें अगरतला के आईएलएस अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

शुक्रवार को सूरत में कर्नाटका को रेलवेज के खिलाफ खेलना है। हालांकि कर्नाटका के शेष टीम को सूरत के लिए रवाना कर दिया गया।

आईएलएस अस्पताल ने अग्रवाल के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि अभी उनकी हालत स्थिर है और वह चिकित्सीय निगरानी में हैं। अस्पताल ने बताया कि अग्रवाल को मुंह में जलन हो रही थी और उन्हें होठों पर सूजन का अनुभव हो



रहा था। वह अगले 24 घंटे तक चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे।

कर्नाटका क्रिकेट एसोसिएशन इस समय त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन और अग्रवाल का इलाज कर रहे चिकित्सकों के संपर्क है। अभी उनकी और जांच की जाएगी, जिसके बाद उनके बेंगलुरु लौटकर आगे के इलाज के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

इंडिगो ने मेडिकल एमरजेंसी के चलते अगरतला से दिल्ली जा रहे उसके एक विमान को वापस अगरतला लौटने की पुष्टि की है। उन्होंने कि विज्ञप्ति में कहा मेडिकल एमरजेंसी के चलते अगरतला से दिल्ली के लिए संचालित होने वाले इंडिगो विमान 6ई 5177 को वापस अगरतला लौटना पड़ा। यात्री को विमान से उतारा गया और उन्हें चिकित्सीय लाभ के लिए अस्पताल ले जाया गया। विमान ने 4 बजकर 20 मिनट पर दोबारा अपने गंतव्य स्थान के लिए उड़ान भरी।

# मैं मुश्किल से 18 साल की हूं, लेकिन इतनी नफरत का सामना करना पड़ा': दिव्या देशमुख

नई दिल्ली , भारतीय शतरंज स्टार दिव्या देशमुख ने नीदरलैंड के विज्क आन ज़ी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेने के बाद खेल में लिंगभेद और स्त्री द्वेष के मुद्दे पर बात की है।

इंटरनेशनल मास्टर उस टूर्नामेंट में 13 में से 4.5 अंक के साथ 12वें स्थान पर रहीं, जिसमें हंस नीमन और हरिका द्रोणावल्ली जैसे खिलाड़ी शामिल थे।

रविवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में, देशमुख ने महिला खिलाड़ियों के साथ अक्सर दर्शकों द्वारा किए जाने वाले व्यवहार पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने खुलासा किया कि उनके मजबूत प्रदर्शन और अपने खेल पर गर्व के बावजूद, दर्शकों का ध्यान उनके कपड़े, बाल और उच्चारण जैसे अप्रासंगिक पहलुओं पर केंद्रित था।



दिव्या ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं कुछ समय से इस बारे में बात करना चाहती थी, लेकिन अपने टूर्नामेंट के खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मुझे बताया गया और मैंने खुद भी देखा कि शतरंज में महिलाओं को अक्सर दर्शक कैसे हल्के में लेते हैं।

मैंने कुछ मैच खेले जो मुझे लगा कि वे काफी अच्छे थे और मुझे उन पर गर्व था। मुझे लोगों ने बताया कि कैसे दर्शकों को खेल से कोई परेशानी नहीं थी, बल्कि उन्होंने दुनिया की हरसंभव चीज़ पर ध्यान केंद्रित किया: मेरे कपड़े, बाल , उच्चारण, और हर अन्य अप्रासंगिक चीज़।

यह सुनकर मैं काफी परेशान हुई और मुझे लगता है कि यह दुखद सच्चाई है कि जब महिलाएं शतरंज खेलती हैं तो लोग अक्सर इस बात को नजरअंदाज कर देते हैं कि वे वास्तव में कितनी अच्छी हैं, वे जो खेल खेलती हैं और उनकी ताकत क्या है। मुझे यह देखकर काफी निराशा हुई कि कैसे हर चीज के बारे में चर्चा की गई मेरे खेल को छोड़कर मेरे साक्षात्कार (दर्शकों द्वारा) पर बहुत कम लोगों ने ध्यान दिया और यह काफी दुखद बात है।


जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com